मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-226
30/03/2023

# मुख्यमंत्री ने मोकामा के मेकरा में गंगा नदी में 03 लोगों के डूबने की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया

- सभी मृतकों के निकटतम परिजनों को चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने का दिया निर्देश

पटना, 30 मार्च 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने पटना जिले के मोकामा थाना क्षेत्र के मेकरा में गंगा नदी में 3 लोगों के डूबने से हुयी मौत की घटना पर गहरा दुख एवं संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने इस घटना को दुखद बताया है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने सभी मृतकों के निकटतम परिजनों को चार–चार लाख रूपये की अनुग्रह राशि अविलम्ब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

*****